>

Title: Need to accord approval to the proposal of Government of Madhya Pradesh for augmenting water supply in Satna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): महोदय, केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन के अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार ने छोटे व मझोले कसबों के लिए शहरी अवस्थापना विकास की योजना के अंतर्गत प्रदेश के 21 प्रमुख शहरों की जल आवर्धन से संबंधित प्रस्ताव म.प्र. विकास प्राधिकरण संघ के माध्यम से भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय में भेजे गये हैं। उन प्रस्तावों में विशेष रूप से मेरे निर्वाचन क्षेत्र सतना की 7371.40 लाख रूपए का भी प्रस्ताव शामिल है। मैं भारत सरकार से शहरी विकास मंत्रालय से योजनाओं की स्वीकृति की मांग करता हूँ तथा अब तक क्या कार्यवाही हुई है, उसकी सम्पूर्ण जानकारी चाहता हूँ।